सेवा, दक्षता एवं पराक्रम

झंडा दिवस, 23 नवम्बर

# पुलिस झण्डा दिवस 2024





**प्रशान्त कुमार**
आई.पी.एस.

# पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

दिनांक : नवम्बर 14, 2024

# सन्देश

प्रिय साथियों,

हम सभी अवगत हैं कि 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश, देश का प्रथम 'राज्य पुलिस बल' है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 'पुलिस कलर' अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। यह ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और बलिदान का सजीव दस्तावेज़ है। यह हमारी शौर्यगाथाओं का अमर धरोहर है, जो हमें हर क्षण अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। इतिहास गवाह है कि ध्वज पताका की प्रेरणा से धर्म की अधर्म पर विजय अविस्मरणीय रही है।

23 नवम्बर, उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये गौरवशाली, ऐतिहासिक एवं अतिमहत्वपूर्ण दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान हमारे वीर साथियों की जन–सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद पुलिस ध्वज प्राप्ति की इस गौरवमयी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त हो सका। पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई ऊर्जा संचरित होती है, जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है।

इसी भाव को निम्न पंक्तियां भी गहराई से रेखांकित करती हैं:

"The flag that leads the force,
Through every battle's course,
It stands for honor, truth and right,
A beacon in the darkest night."

उत्तर प्रदेश पुलिस बल का इतिहास स्वर्णिम एवं गौरवशाली रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल एकल कमान के अन्तर्गत विश्व का सबसे बड़ा पुलिस संगठन है। इतनी बड़ी आबादी वाले प्रदेश में उच्चकोटि का अपराध नियंत्रण एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना ऐसे कार्य हैं, जिनमें पुलिस कार्मिकों को न केवल निरन्तर सजगता व सतर्कता बरतनी होती है, बल्कि प्रत्येक क्षण नई चुनौतियों का सामना करते हुये अपने जीवन को जोखिम में डालना पड़ता है।

मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा, उनके अमूल्य निर्देशन में सुदृढ़ कानून व्यवस्था एवं अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के अन्तर्गत उ0प्र0 पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरूप प्रदेश को माफियाओं एवं संगठित अपराधियों से मुक्त करते हुये एक सुरक्षित एवं समृद्ध प्रदेश का निर्माण कर जनता में सरकार का विश्वास कायम किया है। मैं इन उपलब्धियों के लिये उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रत्येक सदस्य को कोटि–कोटि बधाई देता हूँ।

आज, इस ऐतिहासिक अवसर पर हम यह संकल्प लें कि हम अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। इस ध्वज की गरिमा निरन्तर हमारी प्रेरणा बनी रहे और हमें नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्गदर्शन करता रहे।

अन्त में पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर आप सभी को पुनः हार्दिक शुभकामनायें देते हुए मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप सभी इस गौरवशाली अतीत की गरिमामयी उपलब्धि का सम्मान बनाये रखेंगे और अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं व्यावसायिक दक्षता से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते रहेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस के स्वर्णिम इतिहास में नित नये आयाम स्थापित होते रहें।

"यह पताका झुके नहीं,
यह विजय का शुभ चिन्ह।
यह हमारा गौरव है,
यह हमारा धर्म–बिंदु।"

जय हिन्द!

**(प्रशान्त कुमार)**
**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश**